# कार्यालय, जिला शिक्षा अधिकारी जिला बीजापुर (छत्तीसगढ़)

Office phone no- 07853-220191 E mail – deo.bijapur02@gmail.com

क्रमांक/1200 /स्था./जिला ग्रंथालय/भर्ती/2024-25 बीजापुर, दिनांक 18 /07/2024

## -:: प्रेस विज्ञप्ति ::-

कार्यालय कलेक्टर जिला बीजापुर के प्रशासकीय स्वीकृति आदेश क्रमांक/181/कले0/नीति आयोग/2024 बीजापुर दिनांक 19.06.2024 के द्वारा प्रदाय किये गये प्रशासकीय स्वीकृति आदेश के तहत दिये गये निर्देशों के अनुक्रम में **सेंट्रल लाइब्रेरी बीजापुर** के लिए निम्नानुसार अस्थाई रूप से 1 वर्ष की अवधि के लिए गैरशैक्षणिक पदों पर भर्ती किया जाना है।

अतः इच्छुक एवं पात्र आवेदक अपना आवेदन पत्र कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जिला बीजापुर, पिन-494444 के पते पर पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही प्रेषित करें अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्र मान्य नहीं किया जावेगा। **आवेदन जमा करने की तिथि दिनांक 18/ 07/2024 से 26/07/2024 तक कार्यालयीन दिवस समय सायं 5:30 बजे तक होगी।** समय अवधि के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है-

| क्र | पद का नाम | पदों की संख्या | आरक्षण | नियुक्ति का मानदेय | नियुक्ति की अवधि | शैक्षणिक अर्हताएं |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | ग्रंथपाल | 1 | अनारक्षित | 35000 | 1 वर्ष | मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक के साथ स्नातक उत्तीर्ण एवं बी.लिब. प्रशिक्षण/उपाधि अनिवार्य है। |
| 2 | डाटा एंट्री ऑपरेटर | 1 | अनारक्षित | 16000 | 1 वर्ष | 1. किसी मान्यता प्राप्त मंडल (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. किसी मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एंट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामिंग में 1 वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण पत्र (10000 की डिप्रेशन प्रति घंटे की गति होना चाहिए।) |
| 3 | भृत्य | 2 | 1. अनारक्षित - 1 पद<br>2. अजजा - 1 पद | 12000 | 1 वर्ष | 50% परीक्षाफल के साथ आठवीं उत्तीर्ण। यदि किसी अभ्यर्थी के अंकसूची में ग्रेड अंकित हो तो संस्था प्रमुख से अंक निर्धारण (प्राप्तांक/पूर्णांक) कराया जाना अनिवार्य है। |

Scanned by CamScanner

टीपः-

1. उपरोक्त पद पूर्णतः अस्थायी है। अधोहस्ताक्षरकर्ता के द्वारा नियुक्ति अथवा कार्य व्यवहार के आधार पर किसी भी समय पदच्युत किया जा सकेगा।
2. रिक्त पदों की संख्या घट बढ़ एवं विलोपित हो सकती है, इसके लिए समिति का निर्णय अंतिम होगा।

चयन प्रक्रिया :-

➤ ग्रंथपाल

1. चयन प्रक्रिया में 12वीं, स्नातक एवं बी.लिब मे शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांकों के प्रतिशत के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जावेगी।
2. जिसमें 12वीं के कुल प्रतिशत का 30 प्रतिशत, स्नातक के कुल प्रतिशत का 50 प्रतिशत एवं बी.लिब के कुल प्रतिशत का 20 प्रतिशत के योग के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जावेगी।
3. उक्त मेरिट सूची के आधार पर प्रत्येक पद के विरूद्ध पांच गुना अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिए पात्र होंगे।
4. अंतिम चयन सूची शैक्षणिक योग्यता के अंक एवं साक्षात्कार में प्राप्त अंको के आधार पर तैयार की जावेगी। जिसमें शैक्षणिक योग्यता का अंक एवं साक्षात्कार के 20 अंक के प्राप्तांक के आधार पर अंतिम चयन सूची तैयार होगी।

➤ डाटा एंट्री ऑपरेटर

1. चयन प्रक्रिया में 12वीं के शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांक के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जावेगी।
2. उक्त मेरिट सूची के आधार पर प्रत्येक पद के विरूद्ध पांच गुना अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा के लिए आमंत्रित किया जावेगा।
3. अंतिम चयन सूची शैक्षणिक योग्यता के अंक एवं कौशल परीक्षा में प्राप्त अंको के योग के आधार पर तैयार की जावेगी। जिसमें शैक्षणिक योग्यता का 50 प्रतिशत एवं कौशल परीक्षा का 50 प्रतिशत अंक होगा।

➤ भृत्य

1. चयन प्रक्रिया में 8वीं के शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांक के आधार पर अंतिम चयन सूची तैयार की जावेगी।

**चयन संबंधी उपरोक्त नियम एवं शर्तो में चयन समिति के द्वारा बदलाव किया जा सकता है। समस्त प्रक्रिया में समिति का निर्णय अंतिम एवं मान्य होंगे।**

नियम व शर्ते :-

1. आवेदन पत्र कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जिला बीजापुर, पिन-494444 के पते पर पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही प्रेषित करें अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्र मान्य नहीं किया जावेगा। आवेदन **जमा करने की तिथि दिनांक 18/07/2024 से 26/07/2024** तक कार्यालयीन दिवस समय सांय 5.30 **बजे तक होगी।** समय अवधि के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। भविष्य में शासन के द्वारा उक्त पदों पर भर्ती किए जाने पर यह नियुक्ति स्वमेव निरस्त मानी जावेगी।
2. चयन समिति द्वारा निर्धारित प्रक्रिया ही मान्य किये जायेगें।
3. विज्ञापन तिथि के पूर्व (आवेदन जामा करने की अंतिम तिथि) अर्जित की गई शैक्षणिक एवं अन्य व्यवसायिक योग्यताएँ तथा अन्य जारी प्रमाण पत्र ही मान्य होगें।
4. निर्धारित प्रारूप में आवेदन जमा करना अनिवार्य होगा। अन्यथा की स्थिति में आवेदन निरस्त किया जावेगा।
5. अपूर्ण/अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जावेगा, जिसकी जानकारी संबंधित को पृथक से नहीं दी जावेगी।

Scanned by CamScanner

6. सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह एकमुश्त मानदेय देय होगा। इसके अतिरिक्त किसी भी अन्य प्रकार की सुविधा/भत्ता प्रदाय नहीं किया जावेगा।

7. चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि किसी उम्मीदवार द्वारा किसी भी प्रकार से किसी प्रकार का दबाव डलवाया जा रहा है या निष्पक्ष चयन प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है। तो उनका आवेदन पत्र अमान्य कर दिया जावेगा तथा इस संबंध में कोई भी दावा मान्य नही किया जावेगा।

8. अनुसूचित जनजाति श्रेणी के पद पर आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को सक्षम प्राधिकारी से जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। आवेदन पत्र के साथ फोटो वांक्षित योग्यता अनुसार 5वीं, 8वीं, 10वीं(जन्म प्रमाण पत्र), 12वीं, जाति, निवास एवं विज्ञापित पद हेतु वांछित समस्त प्रमाण पत्र तथा अंकसूची-स्व-प्रमाणित सत्यापित होना आवश्यक है। स्व-प्रमाणित न होने की स्थिति में आवेदन पत्र निरस्त माना जावेगा। तथा इसकी सूचना नहीं दी जावेगी।

9. आवेदक को छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य है, बीजापुर के स्थानीय निवासी को प्राथमिकता दी जावेगी एवं सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना होगा।

10. उक्त पद पूर्णतः अस्थाई है, भविष्य में शासन के द्वारा उक्त पदों पर भर्ती किये जाने पर यह नियुक्ति स्वमेव निरस्त मानी जावेगी।

11. **<u>यह नियुक्ति 1 वर्ष के लिए होगी। तत्पश्चात् नियुक्ति स्वमेव ही समाप्त हो जावेगी।</u>**

12. उक्त नियुक्ति किसी भी समय बिना किसी सूचना के समाप्त की जा सकेगी।

13. रिक्त पदों की संख्या घट-बढ़ एवं विलोपित हो सकती है, इसके लिए समिति का निर्णय अंतिम होगा।

14. नियुक्त अभ्यर्थियों को दिये जाने वाले दायित्वों के समय-समय पर अन्य कार्यों में भागीदारी सुनिश्चित करना होगा। जिसके लिए अतिरिक्त मानदेय की पात्रता नहीं होगी।

15. नियुक्त कर्मचारियों की सीधीं भर्ती द्वारा नियमित पदों की नियुक्ति में कोई दावेदारी नहीं होगी।

16. **आवेदक की उम्र ग्रंथपाल पद हेतु 01 जनवरी 2024 को न्यूनतम 21 वर्ष एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर/भृत्य पदों हेतु न्यनतम 18 वर्ष होनी चाहिए एवं अधिकतम आयु 35 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए। आयु की गणना दिनांक 01 जनवरी 2024 की स्थिति में की जावेगी। उम्र की पुष्टि हेतु 5वीं, 8वीं एवं 10वीं की अंक सूची प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। परन्तु आयु सीमा में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी छूट संबधी आदेश/निर्देश नियुक्ति के लिये लागू होंगे।**

17. विज्ञापन एवं आवेदन पत्र (निर्धारित आवेदन प्रारूप ही मान्य होगा) का विस्तृत प्रारूप तथा नियम-शर्ते बीजापुर जिले के वेबसाईट www.bijapur.gov.in एवं जिला शिक्षा कार्यालय बीजापुर के सूचना पटल पर देखा जा सकता हैं।

18. भर्ती की प्रक्रिया के दौरान होने वाले किसी भी विवाद एवं समस्या की स्थिति में अंतिम निर्णय लेने का सर्वाधिकार चयन समिति को होगा।

19. किसी भी विवाद की स्थिति में समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

जिला शिक्षा अधिकारी
जिला बीजापुर (छ.ग.)

Scanned by CamScanner

# सेन्ट्रल लाईब्रेरी बीजापुर में ग्रंथपाल, डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं भृत्य के अस्थाई पदों पर भर्ती हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

आवेदित पद का नाम – ..........................................................

हाल ही में खींचा हुआ रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो स्वयं से सत्यापित कर चस्पा करें

प्रति,

जिला शिक्षा अधिकारी
जिला बीजापुर

1. आवेदक का नाम (हिन्दी में)* – ..........................................
(अंग्रेजी मे)* – ..........................................
2. पिता/पति का नाम* – ..........................................
3. जन्मतिथि अंको में* – ..........................................
(शब्दो में) * – ..........................................
4. आयु दिनांक 01.01.2024 की स्थिति में* ..........दिन..........माह..........वर्ष
5. लिंग – पुरूष ☐ महिला ☐ अन्य ☐
6. क्या आप छत्तीसगढ़ के मूल निवासी है* – हॉं ☐ नहीं ☐ हॉं तो जिला का नाम– ..........................
7. शैक्षणिक/व्यवसायिक योग्यता का विवरण, जो कि अनिवार्य अर्हता में चाहा गया है* –

| क्र. | परीक्षा का विवरण (कक्षा 8वीं से) | मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | उत्तीर्ण होने का वर्ष | विषय | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | |
| 3 | | | | | | | |
| 4 | | | | | | | |
| 5 | | | | | | | |

***निम्न बिन्दुओं की जानकारी हेतु उचित खाने में चिन्ह अंकित करें । यदि जानकारी हॉं में है तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र भी संलग्न करें।**

**9. पत्र व्यवहार का पूर्ण पता* –** ..........................................................
..........................................................
जिले का नाम–..........................पिन कोड–..........................
(STD) कोड.......................... लैड लाईन नंबर ..........................
मोबाईल नंबर ..........................................................
ई मेल आई.डी ..........................................................

10. क्या आपके पास आवेदित पद के लिए शैक्षणिक एवं व्यावसायिक योग्यताऐं है– हॉं ☐ नहीं ☐
11. रोजगार कार्यालय का नाम एवं जीवित पंजीयन क्रमांक दिनांक सहित*–
नाम.......................... जीवित पंजीयन क्रमांक .......................... वैधता दिनांक ..........................
12. जाति (अजजा/अजा/अपिव/अना)* –..........................................

Scanned by CamScanner

13. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची* –

1. 10वीं अंकसूची ( आयु के सत्यापन के संबंध में 10वीं / अन्य की अंकसूची)*
2. अनुभव प्रमाण पत्रा (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी) / अनापत्ति प्रमाण पत्र (नियोक्ता के द्वारा जारी)*
3. शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण पत्र*
4. मूल निवास प्रमाण पत्र एवं जाति प्रमाण पत्र अनिवार्य (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी)*
5. भृत्य पद के आवेदक 5वी एवं 8वीं की अंकसूची आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
6. 12वीं / स्नातक आदि (संबंधित योग्यता के समस्त सेमेस्टर की अंकसूची आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य हैं)*

.................................................................................................

.................................................................................................

.................................................................................................

.................................................................................................

आवेदक / आवेदिका के हस्ताक्षर
पूरा नाम ..................

**घोषणा – पत्र**

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता / करती हूँ कि मैंने विज्ञापित पात्रता शर्तो को पढ़ लिया है। जहां तक मेरी जानकारी और विश्वास है, इस आवेदन पत्र की सभी प्रविष्टियॉं पूर्ण और सत्य है। त्रुटिपूर्ण / अपूर्ण अथवा असत्य जानकारी प्रस्तुत करने पर नियमानुसार मैं स्वयं जिम्मेदार रहूँगा / रहूँगी। गलत जानकारी प्रस्तुत करने पर आवेदन पत्र निरस्त किया जावेगा तथा चयन / नियुक्ति बिना नोटिस के निरस्त की जावेगी।

स्थान :- ..................
दिनांक :- ..................

आवेदक / आवेदिका के हस्ताक्षर
पूरा नाम ..................

Scanned by CamScanner